तापमान

अधिकतम .27 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 1 फरवरी 2026





महात्मा गांधी के पुण्यतिथि पर स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान शुरू






## खबर संक्षेप



### टपरदा में हुआ पांच दिवसीय योग शिविर

**रायगढ़।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर बुनगा के तत्वावधान में विकासखण्ड पुसौर के ग्राम.टपरदा में 27 से 31 जनवरी तक पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर में बीपीए शुगर, जोड़ो के दर्द, मोटापा, गैस आदि रोगों से संबंधित विशेष योगाभ्यास कराए गए। शिविर के दौरान अनुलोम विलोम, प्राणायाम, कपालभाति, सूक्ष्म व्यायाम, सूर्य नमस्कार, तिर्यक आसन, मकर आसन सहित विभिन्न योगासन सिखाए गए, जिससे आमजन को अधिक से अधिक स्वास्थ्य लाभ मिल सके। योग प्रशिक्षक दुलमनी रजक द्वारा योग प्रशिक्षण दिया गयाए जिसमें कुल 470 लोगों ने लाभ प्राप्त किया।

### विद्युत विभाग कर रहा शिविर का आयोजन



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा विगत 25 वर्षों की उपलब्धियों के प्रचार.प्रसार एवं विभाग की जन उपयोगी योजनाओं से आमजन को जोड़ने के उद्देश्य से 6 फरवरी तक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से विद्युत विभाग की 25 वर्षों की महत्वपूर्ण उपलब्धियों के साथ.साथ आम उपभोक्ताओं को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना सहित विभाग की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही हैए जिससे अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। सभी शिविरों में पंजीयन की सुविधा विशेष रूप से उपलब्ध कराई जा रही है।

### चोरी हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** घरघोड़ा पुलिस ने नवापारा से हुई ट्रेक्टर चोरी की घटना में कार्रवाई करते हुए ट्रेक्टर बरामद कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। 29 जनवरी को ट्रेक्टर मालिक संजय सिन्हा पिता स्व भागवत प्रसाद सिन्हा 58, निवासी वार्ड क्रमांक 06 नवापारा द्वारा थाना घरघोड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 27-28 जनवरी की रात उसके घर के सामने खड़ा ट्रेक्टर वाहन क्रमांक सीजी.13 बीबी 2313 इंजन व ट्रॉली सहित अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिय। थाना प्रभारी व पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें चार संदिग्ध दिखाई दिए। एक युवक स्थानीय ढाबा के पास ट्रॉली बेचने के लिए ग्राहक तलाश कर रहा है। दबिश देकर पुलिस ने रामप्रसाद सारथी निवासी ग्राम तरेकेला थाना छाल ;हाल मुकाम ग्राम नकना धरमजयगढ़, को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपने साथियों मिथलेष सारथी, योगेश कुमार धनवार और नरेश कुमार पटैल के साथ मिलकर पल्सर बाइक से नवापारा से ट्रेक्टर चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने छापेमारी कर तीनों अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर छाल रोड ग्राम बैहामुड़ा कटंगनारा कोसाबाड़ी पास छिपाकर रखा गया अपहृत ट्रेक्टर वाहन क्रमांक सीजी 13 बीबी 2313 इंजन व ट्रॉली कीमत लगभग 9 लाख रुपए तथा चोरी में प्रयुक्त बिना नंबर पल्सर बाइक कीमत लगभग 1 लाख 30 हजार जुमला कीमत करीब 10 लाख 30 हजार बरामद की गई। सभी आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## 17 जनवरी से नहीं हुआ है उठाव, सारी समितियों में धान है जाम

# खरीदी खत्म, अब उठाव का इंतजार शासन ने लगा दिया है प्रतिबंध



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ढाई महीने से चल रही धान खरीदी पर विराम तो लग गया है, लेकिन समिति प्रबंधकों की चिंता बढ़ गई है। कारण बीते 17जनवरी से उठाव पर शासन ने बैन लगा दिया है। हालात यह है कि जिले के सारे खरीदी केंद्रों में धान जाम है। जितनी देरी उठाव में होगी उतनी ज्यादा सूखत आने की संभावना बढ़ जाएगी। यही चिंता समिति प्रबंधकों को सता रही है। दूसरी ओर अब तक के आंकड़ों पर गौर करें तो बीते साल से इस साल 31128.64 एमटी धान कम खरीदी हुई है। बीते साल 508797.64 एमटी खरीदी हुई थी तो इस साल 477669 एमटी खरीदी हुई है। याने कम खरीदी की सरकार की जो मंशा थी वह पूरी हो गई है।धूप धीरे-धीरे तेज होने लगी है। जितनी तेज धूप होगी धान उतनी तेजी से सूखेगी। इससे समिति प्रबंधकों को नुकसान उठाना पड़ेगा। उनकी सूखत मान्य ही नहीं है, जबकि संग्रहण केंद्र में सूखत मान्य किया जाता है। इसी बात की चिंता प्रबंधकों का सता रही है। अब शासन धान उठाव में लगाए बैन कब हटाएगी इसी का इंतजार किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि जब शासन से कोई निर्देश नहीं आ जाता तब तक उठाव नहीं हो सकता। ऐसे में अब इंतजार करने के अलावा कोई चारा नहीं है।

■ जितनी देरी होगी उतनी ज्यादा आएगी सूखत

### 2021-22 में हुई थी सबसे ज्यादा खरीदी

बीते 2008-09 से धान खरीदी के आंकड़ों पर गौर करें तो सबसे ज्यादा 2021-22 में धान खरीदी हुई थी। उस दौर में 573871.800 एमटी खरीदी हुई थी। अब तक सीजन ही ऐसा हुआ है कि धान खरीदी का आंकड़ा 5 लाख एमटी से पार हुआ है। बाकी 13 सीजन यह आंकड़ा पार नहीं हो सका है। हालांकि खरीदी का टारगेट हर साल 5 लाख एमटी से ज्यादा ही रहता है।

### 3225 एमटी संग्रहण केंद्र में डंप

अब तक जिले के दो संग्रहण केंद्र में 3225 एमटी धान डंप किया जा चुका है। वहीं 3684306 क्विंटल के उठाव के लिए 13675 डीओ काटी जा चुकी है। हालांकि डीओ कटने के बाद भी उठाव नहीं हो रहा है। कटे डीओ में जब बैन खुलेगा तभी उठाव हो सकता है। 2 लाख 56 हजार 244 एमटी मिलर को धान जारी हो चुका है। बाकी उठाव अभी नहीं हो सकता है।

### बीते 18 सालों में धान खरीदी

| साल | धान खरीदी ( एमटी ) |
|---|---|
| 2008-09 | 330676 |
| 2009-10 | 364654 |
| 2010-11 | 00000 |
| 2011-12 | 430281.51 |
| 2012-13 | 518301 |
| 2013-14 | 526616 |
| 2014-15 | 356490 |
| 2015-16 | 404244 |
| 2016-17 | 426569 |
| 2017-18 | 2035.0832 |
| 2018-19 | 465551.4 |
| 2019-20 | 484570.46 |
| 2020-21 | 533510.04 |
| 2021-22 | 573871.800 |
| 2022-23 | 412966.48 |
| 2023-24 | 53.68 लाख |
| 2024-25 | 508797.64 |
| 2025-26 | 477669 |

## ट्रेलर से टायर चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जूटमिल पुलिस ने ट्रेलर से टायर चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। प्रार्थी शुभम अग्रवाल 28 निवासी बरमकेला ने बीते 5 अक्टूबर को जूटमिल पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि तीन ट्रेलर वाहन 30 सितंबर को एनटीपीसी लारा से फ्लाईऐश लोड कर पाटन रायपुर के लिए रवाना हुए थे। 02 अक्टूबर को तीनों चालक मोबाइल बंद कर फरार हो गए, बाद में छातामुड़ा के पास तीनों ट्रेलर खड़े मिले, जिनसे 15 टायर डिस्क सहित चोरी हो गया था। जिनकी कीमत लगभग 1 लाख 50 हजार रुपए है। जूटमिल पुलिस ने धारा 303,2, 3,5 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस ने पहले चरण में नरेश महंत, गौरव सिंह एवं मोहम्मद फिरोज को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4 नग टायर, घटना में प्रयुक्त टाटा एस वाहन क्रमांक सीजी.13 एयू 7299 जब्त किया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि शेष 11 टायर सक्ती जिले में बेचे गए हैं, जिस पर प्रकरण में धारा 317,2 भारतीय न्याय संहिता जोड़ी गई थी। ग्राम छपोरा स्थित चन्द्रा ढाबा से फरार आरोपी फुलेश्वर चन्द्रा एवं मोहम्मद टिंकु उर्फ टिंकु खान को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में दोनों ने 11 नग टायर डिस्क सहित खरीदकर आगे ट्रक चालकों को बेचना स्वीकार किया। आरोपियों से चोरी की बचत रकम 900 रुपए जब्त की गई।

## बालिका को बहला-फुसलाकर भगाने वाला युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोतवाली पुलिस ने लापता नाबालिग को दस्तयाब कर लिया है। साथ ही बालिका को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाले युवक को गिरफ्तार कर पॉक्सो एक्ट के तहत न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। 29 जनवरी को बालिका की मां ने सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उनकी नाबालिग बेटी 28 जनवरी की सुबह बिना बताए घर से चली गई है। आसपास, रिश्तेदारी एवं संभावित स्थानों में पतासाजी के बावजूद बालिका का कोई सुराग नहीं मिला। जिस पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला.फुसलाकर भगा ले जाने की आशंका व्यक्त की गई। रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने धारा 137,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। कोतवाली पुलिस ने बालिका को



आरोपी आशीष चौहान पिता कमलेश चौहान 19 निवासी रामभांठा के कब्जे से सुरक्षित दस्तयाब किया। आगे की जांच में बालिका के कथन और मेडिकल पर आरोपी के विरूद्ध पॉक्सो एक्ट की धाराएं जोड़ी गईं तथा आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## कुष्ठ रोग मुक्त बनाने का संकल्प अधिकारी-कर्मचारियों ने ली शपथ

रायगढ़। कुष्ठ रोग उन्मूलन को लेकर शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. टीजी कुलवेदी एवं शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ.सोनाली मेश्राम द्वारा कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई कि कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों एवं उनके परिवारजनों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा



और समाज में फैले कलंक को समाप्त करने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम में यह घोषणा की गई कि जिला रायगढ़ के नागरिक एवं जिला प्रशासन मिलकर जिले को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

## दो पाली में होगी परीक्षा लोवर, टी शर्ट और स्लीपर में पहुंचेंगे अभ्यर्थी

# गुरुजी को टीईटी पास होना जरुरी, सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के करीब एक हजार शिक्षक देंगे परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आपके पास चाहे कोई भी डिग्री-डिप्लोमा हो, लेकिन यदि गुरुजी बनने की ख्वाहिश है तो आपको टीईटी पास करना जरुरी है। इसके बगैर आप शिक्षक बनने की पात्रता नहीं रखते हैं। इसी पात्रता के लिए आज जिले के 47 और 30 सेंटर में परीक्षा होने वाली है। खास बात यह है कि आज होने वाली टी ई टी (शिक्षक पात्रता परीक्षा ) में केवल बेरोजगार ही नहीं बैठेंगे बल्कि सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में बच्चों को पढ़ा रहे शिक्षक भी परीक्षा देंगे। कारण अब उनको भी टीईटी की परीक्षा पास करना जरुरी है। ऐसा नहीं है कि केवल परीक्षा पास करना है, एसटी, एससी को छोड़कर बाकी वर्ग के अभ्यर्थियों को 60 फीसदी अंक जरुरी है। इसी जद्दोजहद में बेरोजगार आज अपनी किस्मत आजमाएंगे।

जिले में आज टीईटी की परीक्षा होगी। इसके लिए प्रशासन की ओर से पूरी तैयारी कर ली गई है। खास बात यह है कि जब से व्यापमं की परीक्षा में गड़बड़ी सामने आई है तब से कड़े मापदंड तय कर दिया गया है। ऐसे में अभ्यर्थी अच्छे कपड़े तक नहीं पहन सकते हैं। उनको लोवर, टी शर्ट और स्लीपर पहन कर परीक्षा देने जाना पड़ेगा। इतने सारे मानदंड तय कर दिया गया है कि अभ्यर्थियों को परीक्षा से ज्यादा उसे पालन करने में टेंशन हो रहा है। दो पाली में टीईटी की परीक्षा होगी। पहली पाली के लिए 30 सेंटर बनाए गए हैं। वहीं दूसरी पाली के लिए 47 केंद्र बनाए गए हैं। अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने की वजह से शहर से लेकर गांव तक में सेंटर बनाए गए हैं। इससे बाहर के परीक्षार्थियों को दिक्कत हो सकती है।

### खास बात

■ पहली पाली में 30 तो दूसरी पाली के लिए बनाए गए हैं 47 सेंटर



### पहनने होंगे चप्पल और हल्के रंग के कपड़े

परीक्षा में शामिल होने वाले सभी परीक्षार्थियों को हल्के रंग की आधी बाँह वाले कपड़े पहनकर आना होगा। काले, गहरे नीले, गहरा हरा, जामुनी, मैरून, बैंगनी रंग और गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़े पहनना वर्जित है। केवल साधारण स्वेटर (बिना पॉकेट के) अनुमति होगी। सुरक्षा जांच के समय स्वेटर को उतार कर सुरक्षाकर्मी से जांच कराना होगा। स्वेटर के लिए हल्के रंग व आधे बाँह का बंधन नहीं होगा। इसके अतिरिक्त फुटवियर के रूप में केवल चप्पल पहन कर आने की अनुमति होगी। कान में किसी भी प्रकार के आभूषण पहनना वर्जित रहेगा । परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णता वर्जित रहेगा।

### प्रायमरी से ज्यादा मिडिल के लिए दे रहे परीक्षा

प्रायमरी स्कूल बेरोजगारों को पसंद नहीं आ रहा है। इसका अंदाजा परीक्षार्थियों की संख्या से ही लगाया सकता है। पहली पाली में प्रायमरी स्कूल शिक्षक पात्रता के लिए परीक्षा होगी। इसके लिए 30 सेंटर बनाए गए हैं और 8 हजार 235 अभ्यर्थियों का रजिस्ट्रेशन हुआ है। इसी तरह मिडिल के गुरुजी बनने के लिए 47 सेंटर में 13 हजार 59 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। प्रायमरी से मिडिल के लिए करीब पांच हजार अभ्यर्थी ज्यादा परीक्षा देंगे।

### महिला और पुरुष पुलिस कर्मी करेंगे जांच

जारी दिशा निर्देशित के अनुसार परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारम्भ होने के 2.00 घण्टे पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुचना होगा, ताकि उनका मंडल के निर्देशानुसार फ्रिस्किंग (भौतिक रूप से जांच) तैनात महिला और पुरुष पुलिस कर्मी द्वारा और मूल फ्रोटो युक्त पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके। निर्देश के अनुसार पहचान पत्र की फोटोकॉपी या अन्य किसी साधन में सुरक्षित मान्य नही होगी।

### सभी केंद्रों में ऑब्जर्वर की नियुक्ति

परीक्षा केंद्रों तक गोपनीय सामग्री लाने ले जाने और सतत निरीक्षण करने दोनों पालियों में संचालित परीक्षा केंद्रों के लिये प्रशासन की ओर से ऑब्जर्वर क्रमांक 01 और समन्वयक संस्था डिग्री कॉलेज द्वारा ऑब्जर्वर क्रमांक 02 की नियुक्ति की गई है।

### आधे घंटे पहले बंद हो जाएगा गेट

परीक्षा शुरु होने के 30 मिनट पूर्व ही मुख्य गेट बंद कर दिया जाएगा। प्रथम पाली सुबह साढ़े 9 से प्रारम्भ होगी। इसके लिए 30 मिनट पूर्व सुबह 9 बजे परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। इसी तरह द्वितीय पाली की परीक्षा अपरान्ह 03.00 बजे से प्रारम्भ होगी इसलिये 30 मिनट पूर्व अपरान्ह 02.30 बजे परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा।

## सार्वजनिक स्थान पर तलवार लहराते युवक पकड़ा गया

**रायगढ़।** जूटमिल पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर फरसानुमा तलवार लहराकर दहशत फैलाने वाले युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार कि 29 जनवरी को थाना प्रभारी जूटमिल को सूचना मिली कि ग्राम अमलीभौना नीचेपारा में एक युवक शराब के नशे में फरसानुमा धारदार



हथियार लेकर आने.जाने वाले लोगों को डराकर भय का माहौल बना रहा है। सहायक उप निरीक्षक नरसिंह नाथ यादव के हमराह प्रधान आरक्षक वीरेंद्र भगत एवं शिव वर्मा को तत्काल कार्रवाई हेतु रवाना किया गया। पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां आरोपी सार्वजनिक स्थान पर हथियार लहराते हुए झगड़ा-विवाद कर रहा था। आसपास मौजूद लोगों की मदद से घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम प्रकाश यादव पिता श्रवण यादव उम्र 21 निवासी अमलीभौना नीचेपारा बताया। आरोपी के कब्जे से फरसानुमा लोहे का धारदार हथियार जब्त किया गया। आरोपी का कृत्य धारा आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अपराध पाए जाने पर उसे थाना जूटमिल के धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट में विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### एजेंडा पीछे, कैमरा आगे मुख्यमंत्री संग चैंबर बैठक बनी चर्चा का केंद्र

**राउरकेला।** एंटरप्राइजेज ओड़िशा के उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री के राउरकेला दौरे के दौरान आयोजित चैंबर प्रतिनिधियों की राउंड टेबल बैठक अब औद्योगिक मुद्दों से अधिक विवादों और चर्चाओं को लेकर सुर्खियों में है। होटल मेफेयर में आयोजित इस बैठक का उद्देश्य उद्योग और व्यापार से जुड़े सवालों को सीधे मुख्यमंत्री के समक्ष रखना था, लेकिन बैठक के बाद सामने आई प्रतिक्रियाएं इसके मूल उद्देश्य पर सवाल खड़े कर रही हैं। सूत्रों के अनुसार बैठक में भागीदारी के लिए चैंबर की ओर से पहले ही लगभग 50 प्रतिनिधियों के नाम संबंधित विभाग को भेजे गए थे और उसी आधार पर प्रवेश पत्र जारी किए गए थे। हालांकि बाद में सूची में कथित बदलाव के चलते कई मूल नाम बाहर रह गए, जबकि विशेष पसंद वाले चेहरे बैठक में नजर आए। इससे यह सवाल उठने लगा कि बैठक संवाद के लिए थी या चयनित लोगों की मौजूदगी और फोटो अवसर के लिए। बैठक के दौरान उद्योग जगत की सामूहिक समस्याओं को प्रभावी ढंग से रखने के बजाय प्रतिनिधित्व और प्रस्तुति को लेकर भी असंतोष देखने को मिला। चर्चा है कि जिन प्रतिनिधियों को मुद्दे रखने की जिम्मेदारी दी गई, उनकी तैयारी और विषय.वस्तु पर कई सदस्यों ने अनौपचारिक नाराजगी जताई।

## लंबित राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण का निर्देश

# पेड़ों की अवैध कटाई और परिवहन पर रहेगी प्रशासन की नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में राजस्व विभाग के कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और गति लाने के उद्देश्य से कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि जिले में पेड़ों की अवैध कटाई एवं परिवहन पर कड़ी निगरानी रखी जाए और शिकायत मिलने पर राजस्व अधिकारी नियमानुसार सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले में प्रस्तावित सेतु निर्माण सहित बड़े परियोजनाओं में भूमि अधिग्रहण, मुआवजा वितरण व लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। नामांतरण, सीमांकन, खाता विभाजन, डायवर्सन, त्रुटि सुधार, नजूल प्रकरण, ई.कोर्ट, भूमि अधिग्रहण, रिकार्ड दुरुस्ती जैसे लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का निर्धारित समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत जिले में चल रहे कार्यों की प्रगतिए फार्म 6, 7 और 8 के निराकरणए नो मैपिंग कार्य और लॉजिकल एरर डिस्पोजल की प्रगति पर भी चर्चा हुई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन में नहीं छूटना चाहिए और अपात्र व्यक्तियों के नाम हटाने की कार्रवाई नियमानुसार गंभीरता से की जाए।

■ बड़े परियोजनाओं के कार्य में प्रगति लाने पर भी हुई चर्चा



### राजस्व विभाग शासन और प्रशासन की रीढ़

कलेक्टर ने कहा कि राजस्व विभाग शासन और प्रशासन की रीढ़ है। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने कार्यों का निर्वहन संवेदनशीलता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ करने और जनता का विश्वास शासन और प्रशासन में बनाए रखने पर जोर दिया। कलेक्टर ने लैंड बैंक के लिए चिन्हित वन भूमि ऑरेन्ज एरिया सर्वे विभिन्न विकास कार्यों के लिए भूआबंटन, अतिक्रमण पर कार्रवाई भू.अर्जन अवार्ड पारित प्रकरणों में रिकार्ड दुरुस्ती सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों के सहयोग से लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### झारसुगुड़ा से राजस्थान जा रही गाय लोड ट्रेलर जब्त



**सुंदरगढ़।** बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की सहायता से सदर थाना पुलिस ने सबडेगा रोड के पंच महला के निकट मवेशी लोड ट्रेलर को जब्त किया है। वाहन से 25 बैल और एक गाय को उद्धार किया गया है तथा एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। जबकि ड्राइवर फरार हो गया है। गिरफ्तार व्यक्ति राजस्थान जयपुर का एस मोहम्मद 25 है।

### राउरकेला में ऑटोमैटिक ट्रैफिक सिग्नल से सुधर रहा यातायात

**राउरकेला।** राउरकेला में ट्रैफिक प्रबंधन धीरे धीरे सुधार की ओर बढ़ रहा है। शहर में दिन प्रतिदिन बढ़ती ट्रैफिक जाम की समस्या के साथ अब कई प्रमुख चौराहों पर ऑटोमैटिक ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम स्थापित कर दिए गए हैं, जिससे वाहनों की आवाजाही सुचारू हो रही है और सड़क सुरक्षा में भी सुधार आ रहा है। इन ऑटोमैटिक सिग्नलों की शुरुआत से न केवल ट्रैफिक प्रवाह में आसानी हुई है, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आई है। पहले यह ऑटोमैटिक सिग्नल सिस्टम केवल इंदिरा गांधी पार्क के पास ट्रैफिक टावर पर ही कार्यरत था। हाल ही में शहर के दो व्यस्त चौराहों चौक और अंबागन चौक पर भी इसी तरह के सिस्टम को चालू कर दिया गया है।

### सुंदरगढ़ में एमसीएल ठिकानों पर बड़ी कार्रवाई

**सुंदरगढ़।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो सीबीआई ने शुक्रवार को सुंदरगढ़ जिले में महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड एमसीएल के कई ठिकानों पर छापेमारी कर हड़कंप मचा दिया। शुरुआत में इस कार्रवाई को अवैध कोयला परिवहन से जोड़कर देखा जा रहा था, लेकिन बाद में स्पष्ट हुआ कि मामला स्वयं सीबीआई के एक अधिकारी पर लगे रिश्वत के गंभीर आरोपों से जुड़ा है। सूत्रों के अनुसार, सीबीआई के भुवनेश्वर कार्यालय में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक एएसआई प्रशांत कुमार पालेई पर एमसीएल के एक अधिकारी से प्रोटेक्शन मनी लेने का आरोप है। आरोप है कि एएसआई ने एमसीएल अधिकारी शारदा प्रसाद सेठी से कानूनी कार्रवाई से बचाने के बदले रिश्वत ली। विश्वसनीय सूचना के आधार पर दिल्ली स्थित सीबीआई मुख्यालय से तीन सदस्यीय टीम सुंदरगढ़ पहुंची और गरजानबहाल व कनिका रेलवे साइडिंग में एक साथ छापेमारी की। इस दौरान एमसीएल अधिकारी शारदा प्रसाद सेठी को हिरासत में लेकर आगे की पूछताछ के लिए भुवनेश्वर ले जाया गया।

### विशेष दिव्यांग शिविर का आयोजन 13 पंचायतों के दिव्यांगों की हुई जांच

**राउरकेला।** जनजाति बहुल गुरुंडिया प्रखंड के गुरुंडिया पीएस स्कूल परिसर में भीम भोई पहल के अंतर्गत विशेष दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य दूरदराज़ और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले दिव्यांगजनों को एक ही स्थान पर चिकित्सकीय जांचए पहचान और आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराना था। इस अवसर पर 13 ग्राम पंचायतों से आए बड़ी संख्या में दिव्यांग व्यक्तियों ने भाग लिया। शिविर में शारीरिक, श्रवण, दृष्टिबाधित और मानसिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों की विस्तृत चिकित्सकीय जांच की गई। राउरकेला और बणई से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने लाभार्थियों की स्थिति का मूल्यांकन कर आवश्यक परामर्श दिया। कई मामलों में आगे के उपचार, दिव्यांग प्रमाण निर्माण, पुनर्वास सेवाओं तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़ने के लिए मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। खंड सामाजिक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि शिविर में 100 से अधिक दिव्यांगजनों की जांच की गई। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर दिव्यांगजनों के जीवन स्तर में सुधार लाने के साथ उन्हें सरकारी सहायता योजनाओं से जोड़ने में अहम भूमिका निभाते हैं।

# ढहाई गई अंग्रेजों के जमाने की पुलिया, मजबूती आज भी बनी मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

अंग्रेजों के शासनकाल में निर्मित ऐतिहासिक पुलिया को हाल ही में ढहा दिया गया, लेकिन वर्षों बाद भी उसकी मजबूती लोगों के लिए आश्चर्य का विषय बनी रही। बाकी नदी पर बनी यह पुलिया मिट्टी की ईंटों, चूने की मजबूत जुड़ाई और उस दौर के शुद्ध लोहे से तैयार की गई थी। दशकों तक लगातार भारी आवागमन सहने के बावजूद पुलिया की संरचना बेहद मजबूत पाई गई, जिसकी हर तरफ प्रशंसा हो रही है।

**बिना सीमेंट, बिना आधुनिक मशीनों के बनी पुलिया ने दी सैकड़ों वर्षों की सेवा-** अंग्रेजों के समय बनाई गई इस पुलिया में न तो सीमेंट का उपयोग था और न ही आधुनिक मशीनों का, इसके बावजूद इसकी मजबूती आज की कई नई संरचनाओं से कहीं बेहतर थी। सैकड़ों वर्षों पहले बनी इस पुलिया को ढहाने के दौरान भी यह साफ नजर आया कि इसकी नींव और निर्माण तकनीक कितनी टिकाऊ थी।

**आवागमन सुविधा के लिए बनेगा चौड़ी और आधुनिक पुल**



**सड़क दुर्घटना में आएगी कमी, मिलेगी राहगीरों को राहत-** नई पुलिया के निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीणों, किसानों और दैनिक यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। वर्तमान में संकरी सड़क और पुलिया के कारण वाहनों की आवाजाही में कठिनाई होती थी, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी। एक तरफा आवागमन की व्यवस्था होने से कई बार आमने-सामने से वाहन टकराने की स्थिति बन जाती थी।

**जाने क्या है जनता की राय-** जशपुर के समाजसेवी सतेंद्र पाठक का कहना है नई पुलिया चौड़ी होगी और आधुनिक मानकों के अनुसार तैयार की जाएगी, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आएगी। साथ ही भारी वाहनों के आवागमन में भी अब कोई परेशानी नहीं होगी। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद यह मार्ग क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**पुरानी पुलिया की मजबूती और निर्माण कला आज भी मिसाल-** अंग्रेजों के जमाने की पुलिया भले ही अब इतिहास बन गई हो, लेकिन उसकी मजबूती और निर्माण कला आज भी लोगों के लिए एक मिसाल है, जो आने वाली पीढ़ियों को उस दौर की इंजीनियरिंग क्षमता की याद दिलाती रहेगी।

**आवागमन बेहतर के लिए नए चौड़े पुलिया का होगा निर्माण:** प्रशासन द्वारा आवागमन को सुगम और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से अब उसी स्थान पर आधुनिक तकनीक से नई और चौड़ी पुलिया का निर्माण किया जाएगा। योजना के अनुसार जशपुर गेट गम्हरिया मार्ग पर बाकी नदी में दूसरा पुल बनाए जाएंगे, जिनमें से एक मार्ग आने वाले वाहनों के लिए और दूसरा जाने वाले वाहनों के लिए निर्धारित होगा। इससे यातायात व्यवस्था अधिक सुव्यवस्थित होगी और जाम की समस्या से भी राहत मिलेगी।

## अमूल की सहकारिता, दुमाड पंचायत के नवाचारों का जमीनी अध्ययन

# गुजरात मॉडल से गांवों के कायाकल्प का ब्लूप्रिंट सीख रहा छत्तीसगढ़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

ग्रामीण शासन को मजबूत करने, पंचायतों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने और विकास को टिकाऊ दिशा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ के जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष इन दिनों गुजरात मॉडल का गहन अध्ययन कर रहे हैं।

**पंचायती राज मंत्रालय के मार्गदर्शन में संचालित-** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत यह प्रशिक्षण-सह-अध्ययन भ्रमण 29 जनवरी से 3 फरवरी तक आयोजित किया गया है, जबकि 4 फरवरी को प्रतिनिधिमंडल की छत्तीसगढ़ वापसी तय है।

**आणंद में अमूल सहकारिता से समृद्धि का सशक्त उदाहरण-** अध्ययन यात्रा की शुरुआत आणंद जिले से हुई, जहां प्रतिनिधिमंडल ने सहकारिता की वैश्विक पहचान बने अमूल डेयरी का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। यहां किसानों को संगठित कर दुग्ध संग्रहण, प्रसंस्करण, गुणवत्ता नियंत्रण और विपणन की एकीकृत प्रणाली को समझाया गया। प्रतिनिधियों ने जाना कि कैसे पेशेवर प्रबंधन, पारदर्शिता और लाभांश वितरण से किसानों की आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित की गई।



**दुमाड ग्राम पंचायत सीमित संसाधन, बड़ा परिवर्तन:** इसके बाद प्रतिनिधिमंडल वडोदरा जिले की दुमाड ग्राम पंचायत पहुंचा। यहां ऑन-सोर्स रेवेन्यू और सीएसआर फंड के सुनियोजित व पारदर्शी उपयोग से कराए गए विकास कार्यों ने सभी को प्रभावित किया। जनभागीदारी, समयबद्ध क्रियान्वयन और स्पष्ट प्राथमिकताओं के चलते गांव में समग्र बदलाव देखने को मिला।पंचायत क्षेत्र में आंगनवाड़ी केंद्रों का उन्नयन, प्राथमिक शालाओं का सुदृढ़ीकरण और तालाबों का सौंदर्यीकरण जैसे कार्यों को विशेष सराहना मिली। इन प्रयासों से शिक्षा, पोषण, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण चारों मोर्चों पर सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।

**महिला नेतृत्व की मिसाल बनी दुमाड:** दुमाड ग्राम पंचायत की सबसे उल्लेखनीय उपलब्धि यह है कि गांव की ही बेटी, पोस्ट ग्रेजुएट कल्पना परमार, सरपंच के रूप में पंचायत का नेतृत्व कर रही हैं। कम उम्र में प्रशासनिक समझ, योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करने की उनकी कार्यशैली को प्रतिनिधिमंडल ने प्रेरणादायक बताया। अध्ययन दल ने माना कि महिला नेतृत्व गांवों की दशा और दिशा बदलने में निर्णायक भूमिका निभा सकता है।

### देवभूमि द्वारका में अगला पड़ाव

अध्ययन भ्रमण के अगले चरण में प्रतिनिधिमंडल देवभूमि द्वारका जिले का दौरा करेगा, जहां ग्राम पंचायत, तालुका पंचायत और जिला पंचायत स्तर पर संचालित योजनाओं, नवाचारों और प्रशासनिक व्यवस्थाओं का अध्ययन किया जाएगा। भ्रमण का उद्देश्य स्थानीय संसाधनों से आय सृजन, पंचायतों की वित्तीय आत्मनिर्भरता, पारदर्शी शासन और टिकाऊ ग्रामीण विकास के सफल मॉडलों को व्यवहार में उतारना है।यह अध्ययन भ्रमण स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल डेवलपमेंट एंड पंचायती राज के तत्वावधान में आयोजित है। कार्यक्रम के दौरान स्टेट नोडल अधिकारी अशोक जयस्वाल टीम के साथ मार्गदर्शन कर रहे हैं। गुजरात में स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल डेवलपमेंट, अहमदाबाद के विशेष नियामक के निर्देशन एवं स्टेट नोडल ऑफिसर नीला पटेल के समन्वय से भ्रमण सुचारू रूप से संचालित हो रहा है। वहीं स्टेट कंसल्टेंट हरेश कुमार खडोदरा द्वारा तकनीकी और व्यवहारिक सहयोग दिया जा रहा है।

# ब्राउन शुगर तस्करी पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई



**जशपुरनगर।** प्रतिबंधित मादक पदार्थ ब्राउन शुगर के अवैध कारोबार पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए साईंटांगरटोली ईदगाहपारा निवासी आफरीन खातून को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। आरोपिया के कब्जे से कुल 8.04 ग्राम ब्राउन शुगर, जिसकी अनुमानित कीमत 10 हजार 800 रुपए बताई जा रही है, जप्त की गई है। मामले में थाना लोदाम में धारा 21(ए) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपिया का नाम आफरीन खातून, पति तस्लीम खान उर्फ चक्कर, उम्र 27 वर्ष, निवासी साईंटांगरटोली है।

■ 8 .04 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ महिला गिरफ्तार, भेजी गई जेल

### एसएसपी जशपुर के निर्देश पर हुई बड़ी कार्रवाई

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 30 जनवरी को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह को विश्वसनीय मुखबिर से गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि साईंटांगरटोली ईदगाहपारा की आफरीन खातून अपने घर में अवैध रूप से ब्राउन शुगर रखकर विक्रय करने की तैयारी में है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी लोदाम निरीक्षक हर्षवर्धन चौरासे को टीम गठित कर तत्काल रेड कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

### आरोपिया के घर से 18 पुड़ियों में 8.04 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद

निरीक्षक हर्षवर्धन चौरासे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। तलाशी के दौरान आरोपिया अपने घर में मौजूद मिली।

# झलमला टोल नाका में सुविधाओं का अभाव



**पुसौर।** पुसौर तहसील क्षेत्र में ओड़िशा और छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाली झलमला के पास एक टोल नाका है जिसकी स्थापना 5 साल पहले की गई थी। जहां के ठेकेदार आते जाते वाहनों के टेक्स लेते हैं और यदि संबंधित वाहन में सवार लोगों को कभी कोई परेशानी हो तो उनको यथा संभव मदद करना होता है। जिसमें शौचालय संबंधित समस्या। अभी इस बेरियर में चंदन नामक कोई व्यक्ति है जो टोल संभाल रहा है। यहां महिला कर्मचारी भी काम करते हैं, लेकिन उनके लिए भी यहां कोई उचित व्यवस्था नहीं है। ऐसे में उनको सबसे ज्यादा परेशानी होती है। टोल प्रबंधन द्वारा उचित व्यवस्था नहीं की गई है जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। वहीं यहां कार्यरत महिला कर्मचारियों की सुरक्षा के मद्देनजर कोई उचित प्रबंध नहीं है।

### एजेंडा पीछे, कैमरा आगे मुख्यमंत्री संग चैंबर बैठक बनी चर्चा का केंद्र

**राउरकेला।** एंटरप्राइजेज ओड़िशा के उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री के राउरकेला दौरे के दौरान आयोजित चैंबर प्रतिनिधियों की राउंड टेबल बैठक अब औद्योगिक मुद्दों से अधिक विवादों और चर्चाओं को लेकर सुर्खियों में है। होटल मेफेयर में आयोजित इस बैठक का उद्देश्य उद्योग और व्यापार से जुड़े सवालों को सीधे मुख्यमंत्री के समक्ष रखना था, लेकिन बैठक के बाद सामने आई प्रतिक्रियाएं इसके मूल उद्देश्य पर सवाल खड़े कर रही हैं।

# राउरकेला सरकारी ठेकेदार महासंघ की अहम बैठक संपन्न



**राउरकेला।** राउरकेला नगर में महानगर निगम कार्यालय के समक्ष स्थित पार्क परिसर में राउरकेला सरकारी ठेकेदार महासंघ की एक महत्वपूर्ण आम बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर के विकासए ठेका प्रणाली में पारदर्शिता तथा स्थानीय ठेकेदारों के हितों से जुड़े कई ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस बैठक में करीब 200 से अधिक सरकारी पंजीकृत ठेकेदारों ने भाग लेकर एकजुटता और प्रतिबद्धता का स्पष्ट संदेश दिया। बैठक का सबसे अहम निर्णय यह रहा कि सभी ठेकेदारों ने शेड्यूल रेट पर ही टेंडर डालने पर सर्वसम्मति जताई। ठेकेदारों का मत था कि शेड्यूल रेट से नीचे ठेका लेने की प्रवृत्ति से न केवल निर्माण कार्यों की गुणवत्ता प्रभावित होती हैए बल्कि श्रमिकोंए सामग्री आपूर्तिकर्ताओं और आम जनता के हितों को भी नुकसान पहुंचता है। इसलिए भविष्य में इस निर्णय का कड़ाई से पालन करने का संकल्प लिया गया।

# सरगुजा ओलंपिक में जोगपाल पब्लिक स्कूल का दबदबा



**पत्थलगांव।** पत्थलगांव के हाईस्कूल खेल मैदान में आयोजित सरगुजा ओलंपिक में जोगपाल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न खेलों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किए। 100 मी सीनियर वर्ग में हर्ष नायक प्रथम, 100 मी जूनियर बालक वर्ग में प्रिंस खालको प्रथम, 100 मी जूनियर वर्ग बालिका में कशिश इंदवार प्रथम, तान्या तिर्की द्वितीय, 200 मी जूनियर वर्ग बालक में कुशानवीर सिंह प्रथम रहे। इसी तरह लंबी कूद जूनियर वर्ग बालक में कुशानवीर सिंह प्रथम, लंबी कूद जूनियर वर्ग बालिका में कशिश इंदवार प्रथम रहीं। ऊंची कूद जूनियर वर्ग बालक में कुशानवीर सिंह प्रथम, नवीन पैंकरा द्वितीय रहे। गोला फेंक में पूजा केरकेट्टा प्रथम, मानसी यादव द्वितीय, साक्षी साहू तृतीय रहीं। चक्का फेंक में डेविड कुजूर द्वितीय, भाला फेंक में प्रकाश यादव प्रथम, रिले रेस बालक वर्ग में कुशानवीर सिंह, बालिका वर्ग में कशिश इंदवार प्रथम व ऊंची कूद बालक सीनियर वर्ग समीर नेताम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# उप धान खरीदी केन्द्र कोसमंदा में किसान हरिहर का सम्मान



**पुसौर।** पुसौर तहसील क्षेत्र के उप धान खरीदी केन्द्र कोसमंदा यु तो प्रारंभ से ही सुर्खियों में रहा है चूंकि इस केन्द्र के क्षेत्र में ज्यादातर बडे कृषक हैं जिन्हें एग्रीस्टेक, टोकन कटाने, रकबा समर्पण जैसे घटकों से गुजरने के लिए काफी पापड़ बेलने पड़े वहीं कभी कभी सडक में भी इन्हें उतरना पडा। इन सारे संघर्ष के बावजूद भी इस केन्द्र में खरीदी कार्य के बीच खरीदी कार्य से जुडे अधिकारियों एवं किसानों के बीच कोई मनमुटाव नहीं रहा।

कमोबेश प्रायः सभी किसान जहां रकबा समर्पण कराया वहीं एग्रीस्टेक कराने में भी सफलता हासिल करते हुए टोकन भी कटा लिया और खरीदी कार्य संपन्न होने के पूर्व एक संभ्रान्त किसान और सुकुलभठली के सरपंच रहे हरिहर नायक का धान खरीदी की गई और उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर फड प्रभारी सुदामा गुप्ता ने इन्हें माल्यार्पण व श्रीफल भेंट करते हुए उनका स्वागत किया। ज्ञात हो कि किसानों को धान बिक्री करते समय आ रहे परेशानी को मद्देनजर पूर्व जनपद उपाध्यक्ष रोहित पटेल जो कि कोसमंदा और पुसौर के बड़े किसान है इन्होंने तहसील कार्यालय में धरना, रोड में चक्का जाम जैसे कार्य किसानों को राहत पहुंचाने के लिए किया था।

## जागरूकता कार्यक्रम, हाइवे पेट्रोलिंग वाहन को हरी झंडी

# 36वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण और नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जशपुर पुलिस द्वारा मनाए जा रहे 1 से 31 जनवरी तक आयोजित 36वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शनिवार को एसडीओपी कार्यालय परिसर में जागरूकता कार्यक्रम के साथ समापन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों व छात्र छात्राओं को सुरक्षित यातायात, नियमों के पालन और जीवन रक्षा के महत्व की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह, सीईओ जिलापंचायत अभिषेक कुमार, डीएफओ शशि कुमार, जिला परिवहन अधिकारी विजय निकुंज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार पटनवार, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चंद्रशेखर परमा एवं भावेश समरथ के स्थानीय पुलिस अधिकारी अमरजीत खुंटे, कृष्ण कुमार साहू, मोरध्वज देशमुख, प्रदीप कुमार मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



**सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा पर प्रतियोगिताएं-** समापन कार्यक्रम में जशपुर पुलिस द्वारा निबंध, चित्रकला और स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**हेलमेट, सीट बेल्ट अनिवार्य, नशे में वाहन न चलाएं-** डीआईजी व एसएसपी डॉ लाल उमेद सिंह ने कहा कि हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग, ओवरस्पीडिंग से परहेज, नशे की हालत में वाहन न चलाना और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन ही सुरक्षित जीवन की कुंजी है।

### एक माह चले अभियान में व्यापक जनसंपर्क

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान जशपुर पुलिस ने हॉट-बाजारों में वीडियो- फोटो के माध्यम से जागरूकता, स्कूल-कॉलेजों में नुक्कड़ नाटक, हेलमेट बाइक रैली, ऑटो रैली, तथा एनसीसी कैडेट, स्काउट-गाइड व नेहरू युवा केंद्र के सहयोग से चौक-चौराहों पर जन जागरूकता अभियान चलाया।

### हाइवे पेट्रोलिंग वाहन रवाना

समापन के बाद डीआईजी व एसएसपी डॉ लाल उमेद सिंह और सीईओ अभिषेक कुमार ने हाइवे पेट्रोलिंग वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह टीम लोरो घाट से कुनकुरी तक 24 घंटे नियमित पेट्रोलिंग करेगी, ताकि हाइवे पर अपराधों पर लगाम और दुर्घटनाओं में त्वरित मदद सुनिश्चित हो सके।

### त्वरित सहायता के लिए नंबर करें डायल

सड़क दुर्घटना की स्थिति में मोबाइल नंबर 9479193699 पर तुरंत संपर्क करें। जशपुर पुलिस की हाइवे पेट्रोलिंग टीम 24×7 सहायता के लिए तत्पर है।

# रजत महोत्सव: मनोरा, कुनकुरी, फरसाबहार सीएसपीडीसीएल का कार्यक्रम



**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित रजत महोत्सव के अंतर्गत छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा मनोरा, कुनकुरी शहर एवं फरसाबहार वितरण केंद्रों में विशेष जन-जागरूकता एवं सेवा-उन्मुख कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने, ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने तथा राज्य की विद्युत व्यवस्था में किए गए नवाचारों की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाई गई। इस अवसर पर सौर ऊर्जा के उपयोग, स्मार्ट मीटर प्रणाली, विद्युत सुरक्षा उपाय और उपभोक्ता सेवा सुधार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

रजत महोत्सव विकास यात्रा का प्रतीक- रजत महोत्सव केवल उत्सव नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की उपलब्धियों और विकास यात्रा का प्रतीक है।




# 'फौजी' की रिलीज डेट खिसकी आगे

**मुंबई।** प्रभास की फिल्म 'फौजी' को लेकर दर्शकों के लिए एक अहम खबर सामने आई है। लंबे समय से इस फिल्म की रिलीज डेट को लेकर चर्चाएं चल रही थीं। पहले इसे अगस्त 2026 में रिलीज किए जाने की तैयारी थी, लेकिन अब मेकर्स ने इसकी रिलीज रणनीति में बदलाव करने का मन बना लिया है। इस नए अपडेट ने प्रशंसकों के बीच उत्साह और उम्मीदें दोनों बढ़ा दी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म 'फौजी' को पहले स्वतंत्रता दिवस सप्ताह के आसपास सिनेमाघरों में लाने की योजना थी। हालांकि, अब निर्माताओं का फोकस एक और बड़े त्योहार पर शिफ्ट होता नजर आ रहा है। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि मेकर्स अब इसे दशहरा के मौके पर रिलीज करने पर विचार कर रहे हैं, ताकि फिल्म को त्योहार का पूरा फायदा मिल सके। 'फौजी' की रिलीज डेट में बदलाव की जानकारी एक रिपोर्ट से सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार, अगस्त स्लॉट को छोड़कर अब दशहरा को टारगेट किया जा रहा है।

लाइफ Style

# भूमि शेयर किया भावुक नोट

एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'दलदल' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इस सीरीज की स्ट्रीमिंग शुक्रवार से अमेजन प्राइम वीडियो पर शुरू हो चुकी है। इस सीरीज की रिलीज के पहले दिन भूमि ने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर के दर्शन किए और साथ ही एक भावुक नोट भी शेयर किया।

एजेंसी ▸▸| मुंबई

भूमि ने कैप्शन में लिखा, 'पिछले साल सब्र और शुक्र ने मुझे खुद से मिलने को कहा। शक के साथ, खामोशी के साथ और उन सवालों के साथ, जिनके जवाब मेरे पास अभी तक नहीं थे। इसने मुझे डर को भूलने और धीरे-धीरे, नरमी से, खुद से फिर प्यार करना सिखाया।'

भूमि ने आगे लिखा, 'सेट पर लंबे-लंबे दिनों में, सेट के बाहर के नाजुक लम्हों में, ब्रह्मांड से की गई दुआओं में और काम पर अटूट भरोसे के बीच, मैं आगे बढ़ती रही। इसलिए नहीं कि मैं बेखौफ थी, बल्कि इसलिए कि मेरा भरोसा अभी भी बाकी था। 'दलदल' उसी जगह से पैदा हुआ। कमजोरी से। भरोसे से। अनिश्चित रास्ते पर भी आगे बढ़ने का चुनाव करने से। आज, मैं यह रचना आभार, विनम्रता और खुले दिल से आपके सामने पेश कर रही हूं।' सख्त मिजाज और बेखौफ रीटा (भूमि पेडनेकर) को शहर में हो रही सिलसिलेवार हत्याओं के एक खौफनाक केस को सुलझाने की जिम्मेदारी दी जाती है, जिसमें वह खुद भी बुरी तरह उलझती चली जाती है। दरअसल, अपने बचपन के गहरे ट्रॉमा का बोझ उठाए रीटा अंदर से टूटी हुई है और खुद को संभालने के लिए नशे की लत से भी जूझ रही है।



हॉलीवुड मसाला



# मार्गोट ने पहना 'ताजमहल डायमंड' नेकलेस

**लॉस एंजिल्स।** लॉस एंजिल्स के टीसीएल चाइनीज थिएटर में फिल्म 'वुथरिंग हाइट्स' के विश्व प्रीमियर में, मार्गोट ने शियापरेली का खूबसूरत गाउन पहना, जिसने सबका ध्यान खींचा। लेकिन गाउन से ज्यादा चर्चा उनके 'ताज महल डायमंड' नेकलेस की हुई। अभिनेत्री मार्गोट रॉबी ने एलिजाबेथ टेलर का मशहूर दिल के आकार का 'ताज महल डायमंड' नेकलेस पहने नजर आईं। इसकी कीमत लगभग 8 मिलियन डॉलर (करीब 74 करोड़ रुपए) है। यह नेकलेस टेलर को उनके पति रिचर्ड बर्टन ने 50 साल से ज्यादा पहले उनके 40वें जन्मदिन पर गिफ्ट किया था। मार्गोट का इसे पहनना पुराने हॉलीवुड की चमक और मशहूर प्रेम कहानियों को सम्मान देने जैसा लगता है। टेलर और बर्टन की मुलाकात 1962 में 'क्लियोपेट्रा' फिल्म के सेट पर हुई थी।




# अभिनेत्रियों को समझा जाता कठपुतली: क्रिस्टन

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेत्री क्रिस्टन स्टीवर्ट ने हॉलीवुड में अभिनेत्रियों के साथ होने वाले व्यवहार पर बात की है। साथ ही उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में अभिनेत्रियों के साथ कठपुतलियों जैसा व्यवहार किया जाता है। हॉलीवुड में अभिनेत्रियों के साथ होने वाले बुरे बर्ताव पर क्रिस्टन स्टीवर्ट ने कहा कि इंडस्ट्री में एक्ट्रेस के साथ बहुत बुरा बर्ताव किया जाता है। मुझे आपको बताना ही होगा। लोग सोचते हैं कि कोई भी अभिनेत्री बन सकती है, लेकिन जब मैं पहली बार निर्देशक के तौर पर अपनी फिल्म के बारे में बात करने बैठी, तो मैंने सोचा वाह यह एक अलग ही अनुभव है। वे मुझसे ऐसे बात कर रहे हैं जैसे मैं कोई बुद्धिमान व्यक्ति हूं। निर्देशक के रूप में अपने हालिया डेब्यू के अनुभव के बारे में बताते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि यह धारणा है कि निर्देशकों के पास अलौकिक क्षमताएं होती हैं, जो सच नहीं है। यह धारणा पुरुषों ने फैलाई है। ऐसा नहीं है कि मैं हर समय शिकायत करती रहती हूं, लेकिन महिलाओं के लिए यह स्थिति पुरुषों बदतर है। उनके साथ कठपुतलियों जैसा व्यवहार किया जाता है, जबकि वे कठपुतली नहीं हैं।




# द केरल स्टोरी 2 का टीजर आउट

**मुंबई।** विपुल अमृतलाल शाह की फिल्म 'द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड' का दमदार टीजर रिलीज किया गया है। यह 2023 में आई 'द केरल स्टोरी' का सीक्वल है। साथ ही निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। डर, गुस्सा, साहस और सच्चाई से भरे इस टीजर को देखकर किसी के भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे। 'द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड' का टीजर काफी गंभीर है। यह फिल्म तीन हिंदू लड़कियों की दर्दनाक कहानी सामने लाती है, जिनका किरदार उल्का गुप्ता, ऐश्वर्या ओझा और अदिति भाटिया ने निभाया है। इस फिल्म का निर्देशन नेशनल अवॉर्ड विजेता कमाख्या नारायण सिंह ने किया है। फिल्म में दिखाया गया है कि तीन मुस्लिम लड़कों से प्यार करने के बाद उनकी जिंदगी कैसे एक खौफनाक मोड़ लेती है, जहां धीरे-धीरे एक सोची-समझी साजिश का खुलासा होता है, जो जल्द ही प्यार की जगह फंसाए जाने की डरावनी कहानी बन जाती है।



# ओटीटी पर धुरंधर के 9 मिनट के सींस गायब

**मुंबई।** रणवीर सिंह स्टारर फिल्म धुरंधर सिनेमाघरों में धमाल मचाने के बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज कर दी गई है। हालांकि फैंस इससे खासा नाराज हैं, क्योंकि फिल्म को कुछ कट्स और सेंसर वर्जन के साथ रिलीज किया गया है। धुरंधर 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। हालांकि फिल्म जैसे ओटीटी पर रिलीज की गई है उसके कुछ सींस में कट्स लगाए गए हैं। धुरंधर में जितने भी गाली गलौज वाले डायलॉग्स थे उन्हें मेकर्स ने म्यूट कर दिया है। फिल्म से 9 मिनट के सींस को गायब कर दिया गया है। इसके अलावा जिन लोगों ने सिनेमाघरों के बाद ओटीटी पर इस फिल्म को देखा है उनका कहना है कि मेकर्स से उन्हें अनसेंसर्ड फिल्म रिलीज करने की उम्मीद थी, लेकिन उन्होंने इसे कट्स के साथ रिलीज किया है।

# 'शतक' का दमदार टीजर रिलीज बताएगी संघ की अनसुनी कहानी

**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर आधारित फिल्म 'शतक' का टीजर शुक्रवार को जारी कर दिया गया है। यह फिल्म संघ के सौ साल की यात्रा, उसके विचार और सामाजिक योगदान को केंद्र में रखकर बनाई गई है। यह फिल्म 100 साल के लंबे पड़ाव के पूरे होने की कहानी को प्रस्तुत करती है, जिसने देश के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन को गहराई से प्रभावित किया है। टीजर देखकर पता चलता है कि संघ से जुड़े कई सालों पुराने भ्रम और गलतफहमियों पर भी फिल्म में प्रकाश डाला गया है। टीजर से स्पष्ट होता है कि यह सिर्फ विवादों या चर्चाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि संघ के इतिहास, विचार और विकास को सही संदर्भ में पेश करती है। इसमें स्वतंत्रता संग्राम में आरएसएस का योगदान, विभिन्न




समय पर लगे प्रतिबंध और आपातकाल जैसे महत्वपूर्ण विषयों की झलक भी दिखाई देती है। हाल ही में दिल्ली के केशव कुंज स्थित आरएसएस कार्यालय में फिल्म का गीत 'भगवा है अपनी पहचान' लॉन्च किया गया। इस गीत को आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने किया। इस गीत को प्रसिद्ध गायक सुखविंदर सिंह ने अपनी मधुर आवाज में गाया है। देशभक्ति से भरा यह गीत फिल्म की भावना और मूल विचार को प्रस्तुत करता है। फिल्म के निर्देशक आशीष मॉल ने कहा, यह फिल्म मेरे लिए एक व्यक्तिगत यात्रा जैसी है। फिल्म की रिसर्च के दौरान मुझे संघ से जुड़े कई ऐसे पहलू समझने को मिले, जिन पर सामान्यतः चर्चा तक नहीं होती है। इस फिल्म के जरिए समाज में फैली गलतफहमियों को ईमानदारी से सामने लाना हमारी प्राथमिकता थी।

# रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रहीं आलिया




**मुंबई।** आलिया भट्ट और शाहीन एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रही हैं, जिसका नाम है-'डोंट बी शाय' है। इस फिल्म को इटर्नल सनशाइन प्रोडक्शंसन के तले बनाया गया है। आलिया ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें आलिया कहती हैं- 'क्या कहानी में सब कुछ है। रोमांस है, दिल टूटता है, गाना है, लड़कियां, लड़के, और एक कछुआ भी...।' दरअसल, 'यह एक ऐसी कहानी, जिसके साथ आप बड़े होते हैं।' आलिया की मां सोनी राजदान ने कमेंट में लिखा, 'वाह, शानदार, बहुत बढ़िया किया आपने', फिल्म निर्माता अशर आस्कन ने लिखा, 'अब तक की सबसे प्यारी घोषणा', एक फैन ने लिखा, 'आपकी एक्टिंग मुझे बहुत पसंद है', दूसरे फैन ने लिखा, 'यह तो बेहद रोमांचक लग रहा है, इतने लंबे समय बाद ऐसी कोई फिल्म आई है, यह कमाल की होने वाली है।' बता दें कि आलिया भट्ट 'लव एंड वॉर' में नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन संजय लीला भंसाली ने किया है। यह एक रोमांटिक पीरियड ड्रामा फिल्म है। इसमें रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।

# मेरा दिल साउथ इंडियन : श्रिया



**मुंबई।** अभिनेत्री श्रिया सरन अपकमिंग फिल्म 'दृश्यम 3' को लेकर सुर्खियों में हैं। उत्तराखंड में जन्मी और हिंदी बोलने वाले परिवार में पली-बढ़ी अभिनेत्री ने साउथ इंडियन सिनेमा में काम किया। उन्होंने साउथ की फिल्मों में तब काम किया जब उन्हें तमिल और तेलुगु बोलना नहीं आता था। उन्होंने कहा कि साउथ में जाना और काम करना मेरे लिए हैरान करने वाला था। वहां से जब मैं सेट पर गई, नई भाषाएं सीखी, यह सब, मुझे लगता है कि इसने मुझे जिंदगी के लिए सच में तैयार किया। साउथ ने मुझे जिस तरह का प्यार दिया है, उससे मैं सच में खुद को खुशनसीब मानती हूं। मेरा दिल साउथ इंडियन है।'

श्रिया ने कहा 'मैंने जो चीजें सीखीं, उनमें से एक यह है कि आप वही हैं जो आप खुद को मानते हैं। अगर आप बढ़ते रहते हैं और सीखते रहते हैं और जिंदगी को आपको चीजें सिखाने देते हैं, तो आप उसे बेहतर तरीके से जीना शुरू कर देते हैं।' बता दें कि श्रिया सरन ने 2001 में तेलुगु फिल्म 'इष्टम' से डेब्यू किया। वह 'छत्रपति', 'शिवाजी', 'पोक्किरी राजा' और 'मनम' जैसी कई तमिल और तेलुगु फिल्मों में नजर आईं। इसके साथ ही, उन्होंने हिंदी सिनेमा में भी अपनी लगातार मौजूदगी बनाए रखी है, खासकर 'दृश्यम' फ्रेंचाइजी में। श्रिया सरन 23 जनवरी 2026 को रिलीज हुई सीरीज 'स्पेस जेन: चंद्रयान' में नजर आ रही हैं। वह इस साल के आखिर में 'दृश्यम 3' में बड़े पर्दे पर भी वापसी करेंगी।

टीवी मसाला

# जेनिफर और करण कर रहे हैं शादी?

**मुंबई।** जेनिफर विंगेट और करण वाही टीवी के मोस्ट पॉपुलर एक्टर्स में से एक हैं। दोनों ही टीवी शो दिल मिल गए और रायसिंघानी वर्सेस रायसिंघानी में नजर आ चुके हैं। टीवी शो रायसिंघानी वर्सेस रायसिंघानी में दोनों की जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया। हालांकि इन दिनों दोनों को लेकर खबरें आ रही हैं कि वे शादी करने जा रहे हैं। जेनिफर संग अपनी शादी की खबरों को लेकर अब खुद करण वाही ने रिएक्ट किया है और इन खबरों में कितनी सच्चाई है ये भी बताया है। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हो रहा था, जिसमें कहा गया कि जेनिफर विंगेट करण वाही के साथ शादी करने वाली हैं। हालांकि इन खबरों को लेकर करण वाही ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है और रिएक्ट करते हुए लिखा, "फ्री की पीआर के लिए बहुत बहुत शुक्रिया। करण के इस पोस्ट से ये साफ जाहिर हो गया है कि जेनिफर और उनकी शादी को लेकर चल रही खबरें महज अफवाह हैं और इसमें किसी भी तरह की सच्चाई नहीं है। बता दें कि सोशल मीडिया पर जैसे ही ये खबर वायरल हुई थी कि जेनिफर और करण शादी करने वाले है उससे उनके फैंस काफी खुश हो गए थे।



## खौफ, क्राइम और घिनौनी सच्चाई का कॉम्बो 'मर्दानी 3'

# रानी की दमदार वापसी, शिवानी के किरदार में दिखा धाकड़ अंदाज

एजेंसी ▸▸| मुंबई

अगर आपको थ्रिलर और एक्शन फिल्में पसंद हैं, तो रानी मुखर्जी की 'मर्दानी 3' आपके लिए एक बेहतरीन तोहफा है। 30 जनवरी को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फ्रेंचाइजी की पहली दो फिल्मों की सफलता के बाद, इस बार रानी मुखर्जी का सामना रिंग अम्मा से है। फिल्म में रानी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि जब बात पुलिस ऑफिसर के किरदार की आती है, तो उनका कोई मुकाबला नहीं है। गोपी पुथरन के निर्देशन में बनी यह फिल्म न केवल रोंगटे खड़े करती है, बल्कि आज के डिजिटल दौर के खतरों को लेकर हमें आगाह भी करती है।

इस बार शिवानी शिवाजी रॉय के सामने एक पेचीदा मामला है। एक एम्बेसेडर की बेटी का अपहरण, लेकिन कहानी में मोड़ तब आता है जब पता चलता है कि एम्बेसेडर की बेटी के साथ उसके केयरटेकर की मासूम बच्ची को भी उठा लिया गया है। जांच की कड़ियां जुड़ती हैं और तार जाकर मिलते हैं एक खौफनाक ट्रैफिकिंग रिंग से।




### पर्दे पर अब तक की सबसे घिनौनी विलेन

*'मर्दानी' की परंपरा रही है एक दमदार विलेन पेश करने की और इस बार मल्लिका प्रसाद 'अम्मा' के रोल में रोंगटे खड़े कर देने वाली हैं। फिल्म में अम्मा एक निर्मम, सनकी और बेहद खतरनाक महिला है, जो भिखारी-माफिया और ट्रैफिकिंग का काला साम्राज्य चलाती है। उसकी दहशत का आलम यह है कि वह सीधे शिवानी के घर तक पहुंचने का साहस रखती है। उसे हाल के वर्षों के सबसे डरावने विलेन्स में गिना जा सकता है।*

### सिस्टम और संवेदनशीलता पर सवाल

फिल्म यहां एक बड़ा सामाजिक सवाल भी उठाती है। एम्बेसेडर की बेटी को बचाने के लिए पूरी सरकारी मशीनरी और संसाधन झोंक दिए जाते हैं, लेकिन क्या वही तत्परता उस गरीब केयरटेकर की बेटी के लिए भी दिखाई जाएगी? क्या सिस्टम केवल रसूखदारों के लिए काम करता है या फिर इंसाफ सबके लिए बराबर है?

### फर्स्ट हाफ बेहद दमदार

फिल्म का पहला हिस्सा बेहद दमदार है और ऑडियंस को बांधे रखने में सफल रहता है। रानी मुखर्जी अपने फुल फॉर्म में हैं और स्क्रीन पर उनकी मौजूदगी कमाल की है। फिल्म के पहले हिस्से में दिखता है कि कहानी गंभीर है और इसकी बुनावट ऐसी है कि आप तुरंत ही इन्वेस्टिगेशन का हिस्सा बन जाते हैं। ट्रेलर और शुरुआती हिस्से ने एक मजबूत नींव रख दी है। अब देखना दिलचस्प होगा कि फिल्म का सेकंड हाफ इस लड़ाई को किस अंजाम तक ले जाता है और क्या अम्मा के साम्राज्य का अंत शिवानी कर पाएगी।

## खबर संक्षेप



### टपरदा में पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन

**बड़ेबुनगा भंडार।** आयुष्मान आरोग्य मन्दिर बुनगा के तत्त्वधान में ग्राम टपरदा में 27 से 31 जनवरी तक योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी डॉ अजय नायक ने बताया कि इस शिविर में बीपी शुगर जोड़ो के दर्द मोटापा गैस इत्यादि बीमारियों से संबंधित योगाभ्यास कराया गया। शिविर में सामान्यतः अनुलोम विलोम, प्राणयाम, कपालभति, सूक्ष्म व्यायाम, सूर्य नमस्कार, तिर्यक आसान, मकर आसान सहित अनेक योगा का अभ्यास कराया गया। शिविर में आये हुए लोगों को प्रतिदिन अंकुरित चना एवं काढा वितरण किए। बुनगा के योग प्रशिक्षक दुलमनी रजक द्वारा योगा सिखाया गया जिसमें 470 लोगों ने लाभ लिए।

### सरिया में हुआ पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण



**सरिया।** आयुष्मान आरोग्य मन्दिर सरिया आयुष के योग प्रशिक्षिका यज्ञसेनी प्रधान के द्वारा 27 से 31 जनवरी तक पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न किया गया। शिविर का शुभारम्भ कांदूर पाली के सरपंच दयानंद चौहान एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में श्रीफल फोड़कर एवं सरस्वती माता के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर किया गया। इस योग प्रशिक्षण शिविर में लोगों को सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, मयूरासन, सर्वांगासन, जैसे आसनों के साथ भस्त्रिका भ्रामरी, अनुलोम विलोम, कपाल भाती, जैसे जीवनोपयोगी प्राणायाम सिखाए गए।

### कांग्रेस ने मुर्दे को बनाया मंडल अध्यक्ष : सुमीत

**रायगढ़।** साय सरकार के कुशल सारथी ओपी चौधरी के बेहतर वित्तीय प्रबंधन की वजह से प्रदेश कांग्रेस संगठन को काम करने के लिए जीवित व्यक्ति नहीं मिल रहे यही वजह है कि मृत व्यक्ति को मंडल अध्यक्ष बना दिया है। भाजयुमो अध्यक्ष सुमीत शर्मा ने प्रदेश ने तंज कसते हुए प्रदेश कांग्रेस संगठन की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा कांग्रेस द्वारा 21 जनवरी को जारी 1370 मंडल अध्यक्षों की सूची में इन्दागांव मंडल अध्यक्ष की जवाबदारी ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं आदिवासी नेता स्वर्गीय रूपेंद्र सोम को दी गई। स्व. रूपेंद्र को श्रद्धांजलि देते हुए सुमीत शर्मा ने कहा कांग्रेस ने मृत व्यक्ति को अध्यक्ष बनाकर परिजनों का मजाक उड़ाया है।

### कालेज बाउंड्री वाल निर्माण के लिए मिला 53 लाख

**तमनार।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी के विजन में जिले में विकास का नया अध्याय लिखा जा रहा है। आम जनमानस के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, और सड़क जैसी आधारभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। जिले में शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए लगातार स्कूलों महाविद्यालयों में बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है और शिक्षा क्षेत्र में सुधार किए गए हैं। इसी क्रम में एक और कड़ी जुड़ी है, तमनार महाविद्यालय के बाउंड्री वाल निर्माण के लिए तिरेपन लाख सत्तर हजार रुपए की राशि को स्वीकृति प्रदान की गई है।

### शराब दुकान में चोरी की पुलिस कर रही जांच

**पुसौर।** पुसौर तहसील क्षेत्र के ग्राम कोडातराई के बिजली आफिस के सामने स्थित शासकीय शराब दुकान में लॉकर तोड कर 3 लाख 38 हजार चोरी हो गया था। जिस पर जूटमिल पुलिस ने संबंधित सुपरवाईजर, गार्ड सहित अन्य लोगों को तलब करते हुए उनका बयान लिया जा रहा है। निशान देही पर विधिवत जांच की जा रही है। जानकारी के मुताबिक जिस रात चोरी हुई उस समय गार्ड कपिल सिदार तैनात था और वह सो गया था। ज्ञात हो कि शराब दुकान में लाखों के जहां शराब होंगे वहीं नगदी राशि भी रही, ऐसे स्थिति में एक गार्ड के भरोसे ही छोड़ जाना किसी के गले नहीं उतर रहा।

## भेदभाव समाप्त कर गरिमा सुनिश्चित करने का संदेश, रैली

# महात्मा गांधी के पुण्यतिथि पर स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर जिले में स्पर्श कुष्ठ जन जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 30 जनवरी से 13 फरवरी तक जिले एवं सभी विकासखंडों में संचालित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य कुष्ठ रोग के प्रति समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना रोगियों के प्रति भेदभाव समाप्त करना तथा उनकी गरिमा सुनिश्चित करना है। विकासखंड पुसौर में जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. अविनाश चंद्रा एवं उनकी टीम द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

इस अवसर पर बीएमओ डॉ. विनोद नायक, जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। यहां जागरूकता रैली निकालकर कलेक्टर के संदेश का वाचन किया गया तथा उपस्थित लोगों को कुष्ठ रोग के प्रति भेदभाव न करने एवं जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई गई। इसके पश्चात स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय, पुसौर में विद्यार्थियों को कुष्ठ रोग के लक्षण, बचाव एवं समय पर उपचार संबंधी जानकारी प्रदान की गई। जागरुकता रैली गांव गांव पहुंचेगी। जहां लोगों को इस बीमारी के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर किया जाएगा। इसके लिए हर ब्लाक में जागरुकता रैली का आयोजन किया जाएगा। स्थानीय व्यवस्था के तहत चलेगा अभियान।





ग्रामीणों का सम्मान करते अतिथि और कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण।

### मेडिकल कॉलेज में सम्मान

रायगढ़ शहरी क्षेत्र में भी कुष्ठ जागरूकता रैली आयोजित की गई। वहीं मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कुष्ठ रोगियों को विकृति से बचाव, समय पर उपचार एवं स्वच्छता संबंधी जानकारी दी गई। इस अवसर पर 30 कुष्ठ रोगियों को आमंत्रित कर उन्हें शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज के डीन एवं जिले के चर्म रोग विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

### एसएलएसी अंतर्गत गतिविधियां

एसएलएसी कार्यक्रम के तहत जिले के सभी विकासखंडों में रैली निकालकर कलेक्टर का संदेश जन जन तक पहुंचाया गया तथा शपथ ग्रहण कराया गया। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. अविनाश चंद्रा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा अभियान अंतर्गत सतत जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।



## दो महीने में ही उखड़ने लगी 19 लाख से बनी सीसी रोड

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

सरिया से लगे ग्राम पंचधार में पहुंच मार्ग 1 किलोमीटर के लिए एक करोड़ 19 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। सीसी रोड का निर्माण महज दो माह अभी पूरा हुआ है और सड़क उखड़ने लगी है। इस सड़क में जगह-जगह गिट्टी बाहर आ गई है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों पर ठेकेदार से सांठगांठ कर घटिया निर्माण करने का आरोप लगा रहे हैं। इस सड़क में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा गया।

फलस्वरूप सड़क निर्माण पूरा होने के 2 महीने में ही सड़क उखड़ने के साथ साथ गिट्टी बाहर आ गई है। ऐसा एक या दो जगह नहीं बल्कि कई जगहों पर देखने को मिल रहा है। यहां के सरपंच तथा ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार ने सारे नियमों को ताक में रखते हुए घटिया सड़क निर्माण किया है। जो की सरकारी पैसों की खुलेआम बर्बादी है। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत बरमकेला ब्लॉक व विधानसभा रायगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत पंचधार में वर्षों से पहुंच मार्ग की समस्या से ग्रामीण जूझ रहे थे। क्षेत्रीय विधायक एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने गांव के विकास के लिए कार्य किया और यहां एक करोड़ 19 लाख रुपए की लागत से पहुंच मार्ग सीसी रोड की स्वीकृति की गई। महज दो माह पूरे हुए हैं की सीसी रोड घटिया निर्माण के कारण उखाड़ने लगा है। ग्राम पंचधार के सरपंच सागर पटेल, जागरूक नागरिक अरुण मेहर, भाजपा मंडल सरिया के महामंत्री महेश बारीक ने ठेकेदार पर घटिया निर्माण का आरोप लगाते हुए प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग की है। विदित हो कि मुख्य सड़क से ग्राम पंचधार पहुंच मार्ग की लंबाई 1 किलोमीटर है, सीसी रोड कि घटिया निर्माण होने से ग्रामीणों ने इसकी शिकायत अधिकारी से की है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर संजय देवांगन ने बताया कि ग्राम पंचायत पंचधार के सरपंच ने इसकी जानकारी दी है। इसकी जांच कराया जाएगा।

### सरपंच सागर पटेल, अरुण मेहर, स्थानीय नागरिक

महेश बारिक महामंत्री भाजपा मंडल सरिया व जागरूक नागरिकों ने संबंधित विभाग से उचित जांच कार्यवाही की मांग की है। सरपंच सागर पटेल ने बताया कि ठेकेदार को एवं विभागीय अधिकारी को सीसी रोड निर्माण के समय स्कूल के आसपास ब्रेकर देने की मांग की गई थी लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। जिसके कारण सीसी रोड के आमने सामने दो दो स्कूल संचालित है और यहां हमेशा बच्चों के लिए हमेशा डर बना रहता है। स्कूल प्रशासन भी दुर्घटना को लेकर चिंतित है।

## अटल की प्रतिमा का हुआ अनावरण

**खरसिया।** ग्राम बड़े भंडार में ग्राम पंचायत के विकास कार्यो के भूमि पूजन सहित अटल की प्रतिमा के अनावरण एवं सद्भावना पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में जिला भाजपा अध्यक्ष अरुणधर दीवान बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान जिला भाजयुमो अध्यक्ष सुमीत शर्मा जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी जीवन पटेल, जिला कोषाध्यक्ष सनत नायक वरिष्ठ नेता बीरबल गुप्ता, पंचानन गुप्ता, भाजयुमो प्रदेश कार्य समिति सदस्य रामजाने भाई, मोहन कुर्रे, मंडल अध्यक्ष प्रदीप पटेल, सरपंच और युवा मोर्चा उपाध्यक्ष जगन्नाथ प्रधान, महामंत्री संतोष साहू, गोलू यादव कुंदन दीवान रवि भाई, बड़ी संख्या में बच्चे सहित अभिभावक व ग्रामीण उपस्थित की मौजूदगी रही। कार्यक्रम के शानदार आयोजन हेतु सरपंच ओमप्रकाश गुप्ता के प्रयासों की सराहना की गई।



### महापौर ने किया महात्मा गांधी के पुण्यतिथि पर नमन

**रायगढ़।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर आज उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए महापौर जीवर्धन चौहान ने राष्ट्रपिता को नमन किया। इस अवसर पर उनके सत्य, अहिंसा एवं स्वच्छता के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।



## कोसीर में रजत महोत्सव का आयोजन उपभोक्ता और कर्मचारी हुए सम्मानित



**कोसीर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड, कोसीर द्वारा छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव" कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सारंगढ़ विधायक श्रीमती उत्तरी जांगड़े मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ विधायक प्रतिनिधि गनपत जांगड़े, जनपद सदस्य श्रीमती हीरा जाटवर, सरपंच श्रीमती सुमन राव, विष्णु चन्द्रा एवं भैरव जाटवर की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्रीमती उत्तरी जांगड़े ने कहा कि अवसर पर नियमित रूप से बिजली बिल का भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं, सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने वाले हितग्राहियों तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विधायक ने कहा कि विषम परिस्थितियों में भी जान जोखिम में डालकर निर्बाध विद्युत सेवा प्रदान करने वाले कोसीर बिजली विभाग के अधिकारी-कर्मचारी अपने समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के लिए बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम में जनपद सदस्य प्रतिनिधि भैरव जाटवर ने संबोधन करते हुए कोसीर के मूंगहापारा से कुधरी खार तथा पानी टंकी से भगत बंजारे के खेत तक विद्युत पोल लगाए जाने की मांग रखी। विधायक प्रतिनिधि गनपत जांगड़े ने भी विद्युत विभाग की सराहना करते हुए कहा कि विभाग द्वारा निरंतर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है, जिसके लिए अधिकारी-कर्मचारी दिन-रात कड़ी मेहनत कर रहे हैं और सभी प्रशंसा के पात्र हैं।

## डॉ. भंवर सिंह पोर्ते कॉलेज में एक दिवसीय सीपीआर प्रशिक्षण

**घरघोड़ा।** डॉ. भंवर सिंह पोर्ते महाविद्यालय घरघोड़ा में करियर कॉलेज रायगढ़ द्वारा एक दिवसीय सीपीआर कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जगदीश तिर्की एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एसएल साहू के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन रक्षक तकनीकों से अवगत कराना था। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों से श्यामलाल श्रीवास, श्रीमती मनोरमा वैष्णव, सुश्री एरिका लकड़ा, सुमित लकड़ा द्वारा सीपीआर की प्रक्रिया की जानकारी दी गई तथा इसका व्यावहारिक प्रदर्शन भी कराया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि समय पर दिया गया सीपीआर किसी भी व्यक्ति के जीवन को बचाने में सहायक हो सकता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महाविद्यालय के छात्र लक्ष्मी प्रिया सिदार बी एस सी तृतीय सेमेस्टरद्ध तथा किशोर सूर्यवंशी बीए अंतिम के द्वारा प्रशिक्षण पश्चात प्रयोगात्मक रूप से छात्रों के सम्मुख कृत्रिम मानव शरीर पर प्रयोग कर दिखाया। महाविद्यालय प्रशासन ने इस प्रकार के प्रशिक्षण को छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।



## 12 फरवरी को रायपुर में होगी ऐतिहासिक युवा महापंचायत

**घरघोड़ा।** जिला युवा कांग्रेस रायगढ़ ग्रामीण अध्यक्ष उस्मान बेग द्वारा घरघोड़ा स्थित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष उस्मान बेग ने जिले के सम्मानित पत्रकारों को संगठन की आगामी रणनीति एवं महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। उस्मान बेग ने बताया कि प्रदेश प्रभारी अमित पठानिया, सह प्रभारी मोनिका मंडारे, प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, प्रदेश महासचिव राकेश पांडेय, जिला प्रभारी अनिमेष सिंह, सह प्रभारी गोपाल दुबे एवं गुलजेब अहमद के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार दिनांक 12 फरवरी को रायपुर स्थित मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में मनरेगा संशोधन के विरोध में एक भव्य श्युवा महापंचायतश का आयोजन किया जा रहा है।

इस ऐतिहासिक आयोजन में भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब की उपस्थिति रहेगी। इस महापंचायत में प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता भी शामिल होंगे। रायगढ़ ग्रामीण जिले से जिला अध्यक्ष उस्मान बेग के नेतृत्व में सैकड़ों युवा कांग्रेसी इस कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएंगे। जिला अध्यक्ष उस्मान बेग ने बताया कि यह युवा महापंचायत विशेष रूप से उन युवाओं को समर्पित है जिनकी आयु 40 वर्ष से कम है जिन्होंने पंचायत, जनपद, जिला पंचायत, विधानसभा या लोकसभा स्तर पर चुनाव लड़ा है। जो कांग्रेस विचारधारा से जुड़े हुए हैं, चाहे पार्टी टिकट पर या निर्दलीय रूप में। इस आयोजन में अनुसूचित जनजाति एसटी, अनुसूचित जाति एससी, अन्य पिछड़ा वर्ग ओबीसी एवं अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी।



## अवैध धान की आवक रोकने चेक पोस्ट की रखवाली कोटवारों के भरोसे



**पुसौर।** पुसौर और रायगढ़ तहसील क्षेत्र अन्तर्गत जितने भी अवैध धान के आवक रोकने के लिए चेक पोस्ट बनाए गए थे उसमें अक्सर कोटवार ही तैनात मिलते थे। वहीं उनके साथ लगे अन्य कर्मचारी कभी रहते थे और कभी नहीं। कोटवार को बताते थे कि अभी बस्ती गए हैं या किसी काम के लिए गए हैं।

पुसौर क्षेत्र के लारा, रेंगालपाली, बिंजकोट और रायगढ़ क्षेत्र के भुईयापाली, बेलरिया बेरियर में इसी तरह के हालात थे। बेरियर में जिन कर्मचारियों की ड्यूटी होती थी उसका एक रजिस्टर रहता है जिसमें संबंधित कर्मचारियों के नाम व हस्ताक्षर भी है। बेरियरों में 3 शिफ्ट में ड्यूटी लगाई गई थी। इसमें 8 से 6, 6 से 2 और 2 से 8 बजे तक होती थी। ये तो तय है कि धान के अवैध कारोबारी दिन को धान पार नहीं करते और करते भी होंगे तो रोड के रास्तों से तो बिल्कुल भी नहीं। चूंकि उनके लिए खेतों का रास्ता होता है। अब रात को किसी भी चेक पोस्ट में धान के अवैध आवक को रोकने के लिए कितने वाहनों की चेक की गई यह जानकारी न तो संधारित होती है और न ही जानकारी दी जाती है। सूत्रों की माने तो शासन के धान खरीदी के बीच पुसौर और रायगढ़ तहसील क्षेत्र में अवैध धान के आवकों की संख्या 70 से अधिक बताया जा रहा है जिसकी तस्दीक सक्षम अधिकारियों द्वारा की गई है।

50 अवैध धान वाहनों पर कार्रवाई राजस्व, मंडी, विपणन, सहकारिता और फूड समेत अन्य विभागों के कर्मचारियों की तैनाती की गई थी। इसमें मंडी के प्रमुख अनिरूद्ध सिदार द्वारा रायगढ़ व पुसौर तहसील क्षेत्र के 5 बेरियरों में 50 वाहनों पर कार्रवाई करने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के मुताविक कुल धान 4 हजार कट्टा के आसपास बताया जाता है। जिसमें 1 माजदा, 2 ट्रैक्टर और बाकी धान पिकअप के माध्यम से आया है। जब्त धान उपार्जन केन्द्रों में रखा गया है।

### हरिभूमि

पाठकों के लिए माह जनवरी 2026 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, कुल योग = | | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह जनवरी 2026 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 फरवरी 2026 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर







